भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर
राजभाषा प्रकोष्ठ

सं.रा.प्र./हि.प./भा.प्रौ.सं.का.
दिनांकः 12.12.2016

विषयः <u>खरीद समिति (Purchase committee) की बैठक का कार्यवृत्त।</u>

दिनांक 8 दिसम्बर 2016 को डॉ. अरूण कुमार शर्मा, प्रोफेसर इंचार्ज (राजभाषा) की अध्यक्षता में उक्त समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहेः

प्रोफेसर अरूण कुमार शर्मा	– अध्यक्ष
डॉ. वेदप्रकाश सिंह	– सदस्य
श्रीमती सुनीता सिंह	– सदस्य
श्री राजकुमार श्रीवास्तव (क्रय एवं भण्डारण)	– सदस्य
श्री जगदीश प्रसाद	– सदस्य सचिव

तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष द्वारा सदस्य-सचिव को बैठक हेतु कार्यसूची के विषयों को बिन्दुवार रखने की अनुमति प्रदान की गई। इस क्रम में सदस्य सचिव ने आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर विमोचित होने वाली पत्रिका के प्रकाशन संबंधी रूप रेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात समिति के सदस्यों ने पत्रिका के स्वरूप एवं छपाई से संबंधित विषयों पर गहराई से विचार विमर्श किया तथा विचार विमर्श के पश्चात पत्रिका के अधोलिखित स्वरूप को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया।

- कुल पेज 60 (कवर पेज सहित) फोर कलर प्रिंटिंग
- कवर पेज 300 जीएसएम (फोर कलर प्रिंटिंग + लैमनेशन)
- आंतरिक पेज 100 जीएसएम (फोर कलर प्रिंटिंग के साथ)
- पत्रिका A – 4 साइज में होगी।
- कवर पेजः Object highlighting (Optional)

समिति ने एक मत से निम्नलिखित निर्णय लियाः

1. छपाई दर (Quotations) मंगाने की अंतिम तिथि 26 दिसम्बर 2016 होगी।
2. प्रिंटर्स किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 23 दिसम्बर 2016 तक (सुबह 10 से सायं 5 बजे) के मध्य राजभाषा प्रकोष्ठ, कक्ष संख्या 281, द्वितीय तल (संकाय भवन) में पहुँचकर पत्रिका का सैम्पल अवश्य देख लें ताकि उन्हें अपनी छपाई दर (Quotations) देने में सुविधा हो सके।
3. प्रिंटर्स सिंगल पेज की छपाई दर भी दें।

नोटः लेखा एवं अंकेक्षण अनुभाग के सदस्य अपनी पूर्व-व्यस्तताओं के कारण इस बैठक में शामिल नहीं हो सके।

13/12/2016
जगदीश प्रसाद
सदस्य-सचिव

13/12/16
डॉ वेदप्रकाश सिंह
प्रभारी-अधिकारी (राजभाषा)

अरूण कुमार शर्मा
डॉ अरूण कुमार शर्मा
प्रोफेसर-इंचार्ज (राजभाषा)